ढाई सौ से अधिक परिवारों को बांटा राशन

करंजिया। जरूरतमंद ग्रामीणों को किट का वितरण करती संस्था की प्रतिनिधि। • **नईदुनिया**

डिंडौरी करंजिया (नईदुनिया न्यूज)। कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए पूरा देश 21 दिन के लॉकडाउन से गुजर रहा है। लॉकडाउन का असर ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर भी पड़ा है। ऐसे में प्रदान स्वयं सेवी संस्था द्वारा करंजिया विकासखंड के पंचायतों में असहायों, रोज कमाने खाने वाले दिहाड़ी मजदूरों, निशक्तों, एकल महिलाओं, पुरुषों, विधवाओं सहित अन्य वंचित वर्ग के लोगों के बीच खाद्यान्न सामग्री का वितरण किया गया। जनपद पंचायत व तहसीलदार के सहयोग से अब तक प्रखंड के 26 ग्रामों में 250 से अधिक परिवारों को खाद्यान्न किट व मास्क का वितरण किया गया। संस्था द्वारा जनपद पंचायत की सहायता से प्रखंड की 50 पंचायतों में 600 परिवारों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है।

किट बनाकर किया जा रहा वितरण: लॉकडाउन के दौरान ऐसे कई जरूरतमंद जो मजदूरी व पलायन के भरोसे गुजारा करते थे, वे अब बेहद तनाव की स्थिति से गुजर रहे हैं। कई प्रवासी मजदूर अपने गांव लौट आए हैं और अब गांव में भी रोजगार नहीं है। संस्था द्वारा सभी पंचायतों में असहाय परिवारों का चयन किया गया है, जिन्हें हर सप्ताह राहत खाद्यान्न किट व मास्क वितरण किया जाएगा। किट में 5 किलो चावल, 3 किलो आटा, 1 किलो दाल, 1 लीटर तेल, 1 किलो नमक, 1 किलो शक्कर, मसाले, सोयाबीन बडी, आलू, साबुन व मास्क शामिल है। किट का वितरण प्रदान संस्था के प्रतिनिधि व समूह की प्रतिनिधि महिलाओं द्वारा शारीरिक दूरी का पालन करते हुए किया गया। इसके अतिरिक्त संस्था ग्रामों में कोरोना संबंधित आवश्यक जानकारी का दीवार लेखन, हाथ धोने का प्रशिक्षण, सार्वजनिक स्थलों जैसे नल, कूप, कुआं, राशन दुकान, चक्की आदि के सामने गोले बनाकर जागरूक करने का काम भी कर रही है।